14 सितम्बर 2012

जिला प्रशासन का गांव अजीमगढ़ (गुहला उपमण्ड़ल) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियॉं

1. 120 बुजुर्गो की वृद्वावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत पैन्शन फार्म पूरे किए।
2. जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से लगाए गए स्टाल के माध्यम से प्राधिकरण के सदस्यों ने एक हजार से अधिक लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता देकर जागरूक किया।
3. जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव अजीमगढ़ के 260 घरों में पानी कनैक्शन, 113 घरों में स्वीकृत कनैक्शन तथा गांव के 95 प्रतिशत पानी कनैक्शन नियमित किए गए।
4. राजस्व विभाग द्वारा कार्यक्रम के दौरान शिविर लगाकर भूमि के 12 इंतकाल किए गए।
5. अनुसूचित जाति व वित विकास निगम द्वारा 39 परिवारों के विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋृण फार्म प्राप्त किए।
6. 500 पौधे (अमरूद, जामुन, तुलसी, बेलपत्थर) वन विभाग द्वारा मुफत वितरित किए।
7. उद्यान विभाग द्वारा 30 एकड़ भूमि में टपका संचाई विधि लगवाने के लिए किसान तैयार किए तथा एक एकड़ में पोलीहाउस के लिए प्रेरित किया।
8. दो सड़कों की मुरम्मत को मन्जूरी–अजीमगढ़ से गढ़ीनजीर, अजीमगढ़ से महमदपूर सड़कें तैयार की जाएगी।
9. 100 के.वी.ए. का गांव के लिए अतिरिक्त बिजली ट्रान्सफार्मर मन्जूर।
10. स्वास्थ्य विभाग द्वारा 503 मरीजों का उपचार। शुगर व ईसीजी टैस्ट भी मुफत किए गए।
11. पशुपालन विभाग द्वारा 355 पशुओं का उपचार।
12. गांव में स्कूल उपर से हाई वोल्टेज बिजली लाईन शिफट की।
13. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 40 नए राशन कार्ड बनाए।
14. 14 सितम्बर को अजीमगढ़ में पैदा हुए दो बच्चों के जन्म प्रमाण–पत्र मौके पर बनाए गए, उसी दिन मृतक हुए व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण भी उसके परिवार को दिया गया।
15. हरियाणा सरकार की योजना के तहत गांव में स्कूली बच्चों को बैग व वर्दी मुफत वितरित की गई।
16. ओमप्रकाश जिन्दल जन कल्याण संस्थान द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान शिविर लगाकर 500 से अधिक लोगों को निःशुल्क दवाईंयां वितरित की।